# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक :– सम्बद्धता/9250.
दिनांक :– 5/12/2020.

सेवा में,

सचिव/प्राचार्य
**समस्त सम्बद्ध बी0एड0 (अल्पसंख्यक) संस्थान/महाविद्यालय,**
**चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।**

**विषयः–** अल्पसंख्यक संस्थानों में अल्पसंख्यक कोटे की सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

कृपया उपरोक्त विषयक प्रो0 अमिता बाजपेयी, राज्य समन्वयक, संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी0एड0– 2020 लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा उन्होंने अवगत कराया गया है कि वर्तमान में बी0एड0 प्रवेश परीक्षा के उपरान्त मुख्य काउन्सिलिंग की प्रक्रिया चल रही है जो दिनांक 12.12.2020 तक चलेगी, तदोपरान्त पूल काउन्सिलिंग की प्रक्रिया आरम्भ हो जाएगी।

इस सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने संस्थान/महाविद्यालय की निर्धारित कोटे की सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया दिनांक 10.12.2020 तक पूर्ण कर प्रवेशित छात्रों की सूची दिनांक 11.12.2020 तक अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करानाा सुनिश्चित करें। इन सीटों पर प्रवेश की कार्यवाही, उत्तरप्रदेश शासन द्वारा तय की गयी प्रक्रिया के अनुरूप ही की जायेगी।

यदि निर्धारित अवधि में आप द्वारा उपरोक्त कार्यवाही पूर्ण नहीं की जाती है तो समस्त उत्तरदायित्व आपका स्वयं का होगा।

भवदीय,
05-12-2020
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः–**

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
02. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
03. प्रभारी वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता)

Vivt.(276)